# BAPPA SRI NARAIN VOCATIONAL POST GRADUATE COLLEGE (KKV)

**STATION ROAD, CHARBAGH, LUCKNOW, UTTAR PRADESH-226001**

**Prof. Geeta Rani**
Head
Department of Education
geeta.ranilko@gmail.com
**Phone:** 9532469266
**Date:** 19/04/2024

## जन आकांक्षाओं को पूरा करती प्रधानमंत्री आवास योजना- प्रो. मनीष।

प्रधानमंत्री आवास योजना न केवल अपनी छत का सपना पूरा कर रही है बल्कि यह लोगों की जीवन की गुणवत्ता को भी बढ़ा रही है। यह विचार बी.एस.एन.वी. पी.जी. कॉलेज (केकेवी) लखनऊ में आयोजित वर्कशॉप में भारतीय सामाजिक विज्ञान अनुसंधान परिषद (आईसीएसएसआर) के सदस्य प्रोफेसर मनीष कुमार वर्मा ने दिए। प्रोफेसर वर्मा महाविद्यालय के शिक्षा शास्त्र विभाग में डॉ मञ्जुल त्रिवेदी के संयोजन में संचालित रिसर्च प्रोजेक्ट 'द इंपैक्ट ऑफ़ प्रधानमंत्री आवास योजना इन उत्तर प्रदेश' की आउटकम वर्कशॉप में मुख्य वक्ता के रूप में बोल रहे थे। इस अवसर पर उन्होंने यह भी कहा कि कि प्रधानमंत्री आवास योजना के लाभार्थियों को आवास की सुविधा के साथ-साथ उज्जवला गैस कनेक्शन, विद्युत कनेक्शन, शौचालय, मनरेगा में निश्चित दिनों की मजदूरी एवं अन्य सुविधाओं का लाभ भी दिया जा रहा है जिसने लाभार्थियों के जीवन के प्रत्येक पक्ष को सकारात्मक रूप से प्रभावित किया है। उद्घाटन सत्र के द्वितीय मुख्य वक्ता के रूप में सम्मिलित प्रख्यात अर्थशास्त्री प्रोफेसर ए पी तिवारी ने कहा कि देश में एक समय ऐसा था जब प्रधानमंत्री सार्वजनिक रूप से कहते थे कि मैं दिल्ली से एक रुपया भेजता हूं तो लोगों तक 16 पैसे ही पहुंचते हैं। आज केंद्र में ऐसी सरकार है जो एक रुपया भेजती है तो पूरा एक रुपया लाभार्थियों के खाते में पहुंचता है जिसमें तकनीकी ने बहुत ही महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है।


कार्यशाला के प्रथम तकनीकी सत्र में मुख्य वक्ता के रूप में श्री रामस्वरूप मेमोरियल विश्वविद्यालय के कुलपति प्रोफेसर देवेंद्र शर्मा एवं बाबासाहेब भीमराव अंबेडकर विश्वविद्यालय के प्रोफेसर सुभाष मिश्रा ने विशेषज्ञ वक्तव्य दिया जिन्होने प्रधानमंत्री आवास योजना को एक बदलाव का बड़ा माध्यम बताया।

इस अवसर पर प्रधानमंत्री आवास योजना के लाभार्थियों एवं ग्राम स्तर पर जुड़े हितधारकों ने कार्यशाला में सम्मिलित होकर अपने अनुभव साझा किया।

समापन सत्र में मुख्य वक्ता के रूप में प्रख्यात अर्थशास्त्री एवं लखनऊ विश्वविद्यालय के अर्थशास्त्र विभाग के प्रोफेसर मनोज अग्रवाल ने अपने विचार रखते हुए कहा कि इस सरकार ने समयबद्ध रूप से गुणवत्तापूर्ण कार्य करना सुनिश्चित किया है जिसका परिणाम है कि योजनाएं वर्षों तक नहीं चलती बल्कि निश्चित समय में उन्हें पूरा कर लिया जाता है प्रधानमंत्री आवास योजना भी इसका एक अप्रतिम उदाहरण है। इस अवसर पर वक्ता के रूप में उपस्थित अवध गर्ल्स पीजी कॉलेज की प्राचार्य प्रोफेसर बीना राय ने कहा कि इस सरकार ने हर योजनाओं को आंदोलन के रूप में लिया है जिसके कारण सभी योजनाएं सामाजिक कल्याण सुनिश्चित करने में पूरा योगदान दे रही है। समापन सत्र के अध्यक्ष के वक्तव्य में प्रोफेसर जयशंकर पांडे ने आवास की सुविधा का समाजशास्त्रीय पक्ष प्रस्तुत करते हुए इसे अपनी पहचान से जुड़ा हुआ एक महत्वपूर्ण तत्व बताया।

इस अवसर पर कॉलेज के प्राचार्य प्रोफेसर संजय मिश्रा ने इस शोध परियोजना को समयबद्ध पूरा करने पर समन्वयक डॉ. मंजुल त्रिवेदी को बधाई देते हुए कहा कि महाविद्यालय में शोध और गुणवत्ता परक शिक्षा की दिशा में ऐसे प्रयास संचालित होते रहे ऐसी उनकी मंशा है।

इस अवसर पर महाविद्यालय के शिक्षाशास्त्र विभाग की अध्यक्ष प्रोफ़ेसर गीता रानी एवं प्रोफेसर अनिल पांडे, प्रो लल्लन प्रसाद, प्रो रामकुमार तिवारी, प्रो अरविंद तिवारी , प्रो रश्मि गुप्ता, डॉ प्रमिला पांडेय आदि के साथ-साथ महाविद्यालय के अन्य शिक्षक गण शोध छात्र एवं विद्यार्थी सम्मिलित हुए।



# BAPPA SRI NARAIN VOCATIONAL POST GRADUATE COLLEGE (KKV)

**STATION ROAD, CHARBAGH, LUCKNOW, UTTAR PRADESH-226001**






# BAPPA SRI NARAIN VOCATIONAL POST GRADUATE COLLEGE (KKV)

**STATION ROAD, CHARBAGH, LUCKNOW, UTTAR PRADESH-226001**



## सार-संक्षेप

### समस्याओं के निराकरण पर आधारित हो अनुसंधान



प्रो. रजनी रंजन सिंह को सम्मानित करते शिक्षक। अमृत विचार

**लखनऊ, अमृत विचार :** आज आवश्यकता है कि शिक्षा जगत मे ज्वलंत महत्वपूर्ण मुद्दो पर शोध कार्य किया जाए। अनेक मुद्दे शोधकर्ताओं की राह देख रहे है लेकिन आज शोधार्थी परंपरागत मुद्दो पर ही शोध करने की ओर प्रवृत्त दिखाई पड़ते है। ये बाते डॉ. शकुंतला मिश्रा विश्वविद्यालय के शिक्षा संकाय की डीन प्रो. रजनी रंजन सिंह ने शिक्षाशास्त्र विभाग बीएसएनवी पीजी कॉलेज द्वारा आयोजित शोध कार्यशाला मे कही। उन्होने महाविद्यालय के सामाजिक विज्ञान अनुशासन के शोध छात्रों को अनुसंधान प्रस्ताव की बारीकियां समझाते हुए रिसर्च प्रोपोजल के विभिन्न चरणों की पद्धतियां बताई। विद्यार्थियो व शिक्षको ने प्रो. रजनी रंजन सिंह को दिल्ली विश्वविद्यालय मे प्रोफेसर पद पर नियुक्ति होने पर बधाई दी। कार्यशाला मे विशिष्ट अतिथि के रूप मे मौजूद विद्यांत पीजी कॉलेज के डॉ. जितेंद्र कुमार पाल ने शोधकर्ताओं को डेटा विश्लेषण व अकादमिक लेखन की बारीकियों से परिचित कराया। कार्यक्रम की संयोजक डॉ. मधुल त्रिवेदी ने शोधकर्ताओं की शोध समस्या के संदर्भ मे विस्तृत परिचर्चा की। प्रो. अनिल कुमार पांडेय ने कार्यशाला की प्रस्तावना प्रस्तुत कर कार्यशाला के महत्व पर चर्चा की। विभागाध्यक्ष डॉ. गीता रानी ने अतिथियों को धन्यवाद ज्ञापित किया।

Prof. Geeta Rani
(Head)